**खबर संक्षेप**

## घर में घुसकर मारपीट और अश्लीलता

**शहडोल।** कानून का खौफ अपराधियों में होना चाहिए, लेकिन उमरिया जिले के इन्दवार थाना क्षेत्र के मझौखरा गांव में मंजर कुछ और ही है। यहां एक बेबस महिला पिछले कई महीनों से अपनी अस्मत और परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस के चक्कर काट रही है, लेकिन खाकी की चुप्पी ने दबंगों को खुला लाइसेंस दे दिया है। आलम यह है कि शिकायत करने पर कार्रवाई तो दूर, उल्टा पीड़िता पर ही झूठे मुकदमे लदवाकर उसे चुप कराने की साजिश रची जा रही है।पीड़िता पुष्पांजलि द्विवेदी ने पुलिस महानिरीक्षक शहडोल को सौंपे अपने शिकायती पत्र में पुलिस और दबंगों के गठजोड़ की जो कहानी बयां की है, वह रूह कंपा देने वाली है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही संजीव द्विवेदी, श्रीनिवास उर्फ गुनी, जय कुमार और अजय द्विवेदी जैसे रसूखदार लोग उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे हैं। शिकायत के मुताबिक, 10 जनवरी 2026 की रात इन दबंगों ने न केवल पीड़िता के घर का दरवाजा लातों से तोड़ा, बल्कि घर में घुसकर अश्लील हरकतें कीं और पूरे परिवार को जिंदा जलाने की धमकी दी। हद तो तब हो गई जब पुलिस के सामने ही आरोपी पीड़िता का मजाक उड़ाते रहे, जिसका वीडियो साक्ष्य के तौर पर मौजूद होने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।इस पूरे मामले में सबसे शर्मनाक पहलू पुलिस की भूमिका है। पीड़िता का सीधा आरोप है कि इन्दवार थाने के टोप्पो साहबद्वारा कार्रवाई के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की गई और 5 हजार रुपये ऐंठ भी लिए गए। पैसे लेने के बावजूद पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है और पीड़िता को ही कोर्ट कचहरी के चक्कर में बर्बाद करने की धमकी दे रही है।पीड़िता का कहना है कि आरोपी राजनीतिक संरक्षण प्राप्त और धनबल से संपन्न हैं। पुलिस ने उनकी शह पर पीड़िता, उसके पति और ससुर के खिलाफ एक झूठी काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर ली है ताकि समझौते का दबाव बनाया जा सके। पीड़िता ने मांग की है कि आरोपियों की मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज की निष्पक्ष जांच हो, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। अगर जल्द ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई और भ्रष्ट अधिकारियों पर गाज नहीं गिरी, तो पुलिस के जनसेवा के नारों से जनता का विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा।

## ब्यौहारी में बाली का गुंडागर्दी वाला खेल खत्म



**शहडोल।** शहर की शांति भंग करने वाले और राहगीरों को डरा-धमकाकर अपनी जेब भरने वाले गुंडा तत्वों के खिलाफ ब्यौहारी पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक शुरू कर दी है। पुलिस ने सिविल लाइन निवासी कुख्यात बदमाश बालकृष्ण उर्फ बाली शुक्ला को सलाखों के पीछे भेजकर इलाके में कड़ा संदेश दिया है कि अब भाईगिरी नहीं, बल्कि कानून का राज चलेगा। मामला ग्राम भमरहा के कमलेश प्रसाद द्विवेदी से जुड़ा है। आरोप है कि बाली शुक्ला ने फरियादी को बीच रास्ते रोककर गालियां दीं और शराब व पार्टी के लिए 1000 की अवैध मांग की। जब फरियादी ने विरोध किया, तो बदमाश ने जान से मारने की धमकी देकर डराया-धमकाया और जबरन जेब से 5000 लूट लिए। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी जियाउल हक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जाल बिछाया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर आरोपी बाली शुक्ला को दबोच लिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक वीरेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक हरपाल सिंह और आरक्षक गंगा सागर गुप्ता की भूमिका रही।

## रीवा से दस्तयाब हुई अगवा नाबालिग

**शहडोल।** जयसिंहनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने न केवल रीवा से एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया, बल्कि उसकी अस्मत से खेलने वाले दरिंदे को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पूरा मामला बीते 31 जनवरी 2026 की रात का है, जब बरना निवासी 20 वर्षीय सोहनलाल पिता रामसोहावन ने एक 17 वर्षीय नाबालिग को अपनी मीठी बातों के जाल में फंसाकर अगवा कर लिया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर अपनी तफ्तीश का पहिया घुमाया।

### अवैध संबंधों की भेंट चढ़ा मां का ममतामयी आंचल

# कलयुगी दरिंदगीः जिस कोख से जन्म लिया, उसी का गला घोंटा

**शहडोल।** रिश्तों की गरिमा तार-तार है, ममता लहूलुहान है और इंसानियत शर्मसार! जिले के अमलाई थाना क्षेत्र से एक ऐसी रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने समाज के माथे पर कलंक का टीका लगा दिया है। एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही जननी, अपनी ही मां की बेरहमी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वह मां जिसने नौ महीने कोख में पाला, उंगली पकड़कर चलना सिखाया, उसे क्या पता था कि जिस बेटे को वह दुनिया दिखा रही है, वही एक दिन उसकी आंखों की रोशनी हमेशा के लिए छीन लेगा।



**राजेंद्र सिंह कॉलोनी में मौत का तांडव**

घटना अमलाई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 राजेंद्र सिंह कॉलोनी की है। यहां रहने वाले संजय कोरी नामक युवक ने अपनी मां कुसुम कोरी को मौत के घाट उतार दिया। वारदात उस वक्त अंजाम दी गई जब पूरी दुनिया सो रही थी और मां कुसुम बेखबर मीठी नींद में थी। आधी रात के सन्नाटे में, जब रक्षक को भक्षक बनना था, संजय ने मौका पाकर अपनी ही मां का गला इतनी जोर से दबाया कि उसकी चीखें भी गले में ही दम तोड़ गईं। मौके पर ही मां की सांसों की डोर टूट गई और घर के आंगन में ममता की लाश बिछ गई।

**अवैध संबंधों का खूनी जुनून**



इस जघन्य हत्याकांड के पीछे जो वजह निकलकर सामने आई है, वह समाज की गिरती नैतिकता का वीभत्स चेहरा उजागर करती है। पुलिस की प्राथमिक पड़ताल में खुलासा हुआ है कि आरोपी संजय कोरी का पड़ोस में रहने वाली एक शादीशुदा महिला के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था। सज्जन और संस्कारी मां कुसुम कोरी अपने बेटे की इस करतूत से आहत थी। वह लगातार इस पाप का विरोध कर रही थी। वह चाहती थी कि उसका बेटा सुधर जाए और कुल की मर्यादा बची रहे, लेकिन वासना में अंधे हो चुके संजय को अपनी मां की नसीहतें कांटों की तरह चुभने लगी थीं। घटना वाली रात भी इसी बात को लेकर घर में तीखी तकरार हुई। अपनी हवस और अवैध रिश्तों के बीच में बाधा बन रही मां को रास्ते से हटाने के लिए इस कलयुगी बेटे ने मां की हत्या की खूनी पटकथा लिख डाली।



**इलाके में सनसनी, पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

सुबह जैसे ही इस कत्ल की खबर राजेंद्र सिंह कॉलोनी में फैली, पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। जिसने भी सुना, उसकी रूह कांप गई। मोहल्ले के लोग स्तब्ध थे कि उनके बीच रहने वाला एक युवक इतना बड़ा दरिंदा निकल सकता है।

सूचना मिलते ही अमलाई पुलिस लाव-लश्कर के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। अमलाई थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घेराबंदी की और भागने की फिराक में घूम रहे हत्यारे बेटे संजय कोरी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का संगीन मामला दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है, लेकिन इलाके में तनाव और शोक का माहौल बना हुआ है।

# शहडोल के चिकित्सा क्षेत्र में नई शुरुआत

### आदित्य सुपर स्पेशलिटी में पहली बार हुई एंजियोग्राफी, संभाग को मिली बड़ी राहत



डॉ. आदित्य द्विवेदी
डॉ. स्मिता द्विवेदी

**शहडोल। संभागीय मुख्यालय में चिकित्सा क्षेत्र में मंगलवार से एक नया अध्याय जुड़ गया। शहर के आदित्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पहली बार एंजियोग्राफी की सुविधा शुरू की गई और इसी दिन एक मरीज की सफल एंजियोग्राफी भी की गई। इस पहल को संभाग की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि अब हृदय से जुड़ी गंभीर जांच और उपचार के लिए लोगों को दूर-दराज के महानगरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।**

मंगलवार को बकही निवासी मुन्नी बाई की एंजियोग्राफी कर इस सेवा की औपचारिक शुरुआत हुई। यह प्रक्रिया देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. इमरान शेख के नेतृत्व में कैथ लैब की टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मुन्नी बाई को रोटरी क्लब द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान जांच के बाद आदित्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सीने में लगातार दर्द और हृदय संबंधी लक्षणों को देखते हुए चिकित्सकों ने एंजियोग्राफी करने का निर्णय लिया।अस्पताल की सीईओ यासमीन अंजुम खान ने बताया कि लंबे समय से संभाग में हृदय रोगों की जांच और उपचार के लिए आधुनिक सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी। कई मरीजों को नागपुर, रायपुर, जबलपुर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों का भारी खर्च उठाना पड़ता था। आपातकालीन परिस्थितियों में कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान भी चली जाती थी।अब शहडोल में एंजियोग्राफी की सुविधा शुरू होने से इस स्थिति में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद जताई जा रही है। चिकित्सकों का मानना है कि समय पर जांच होने से हार्ट अटैक जैसी गंभीर स्थितियों में मरीजों को त्वरित उपचार मिल सकेगा और जान बचाने की संभावना भी बढ़ेगी। आदित्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आदित्य द्विवेदी और डॉ. स्मिता द्विवेदी ने कहा कि उनका उद्देश्य संभाग के लोगों को बड़े शहरों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि अस्पताल को धीरे-धीरे मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बाहर न जाना पड़े। इस बीच सफल एंजियोग्राफी के बाद मरीज मुन्नी बाई और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। वहीं संभाग के कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी इस पहल को शहडोल के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकारात्मक कदम बताया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस तरह की उन्नत चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर विकसित होती हैं, तो न केवल मरीजों को राहत मिलेगी बल्कि पूरे संभाग की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी नया आधार और भरोसा मिलेगा।



मुन्नी बाई - पहली एंजियोग्राफी मरिज

# पिकअप में भरकर आए हमलावर: व्यापारी को पीटा

### जेब से पैसे छीने और दी जान से मारने की धमकी



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के कोतवाली थाना अंतर्गत विचारपुर क्षेत्र में सोमवार की रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब दबंगों ने एकराय होकर एक सब्जी व्यापारी पर खूनी हमला बोल दिया। मामूली विवाद के बाद शुरू हुआ यह तमाशा न केवल मारपीट तक सीमित रहा, बल्कि हमलावरों ने व्यापारी की जेब पर भी हाथ साफ कर दिया। रसूख और गुंडागर्दी के नशे में चूर इन हमलावरों की यह करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जो अब इनकी गर्दन नापने के लिए सबसे बड़ा सबूत बन चुकी है।



मिली जानकारी के अनुसार, चुनिया दादरी मोड़ निवासी गोविंद प्रसाद पटेल सब्जी व्यापार के सिलसिले में ओम ट्रेडर्स पर मुनगा खरीदी करने पहुंचे थे। वहां कल्लू पटेल से 20 किलो मुनगा खरीदने के बाद गोविंद ने भुगतान भी कर दिया। विवाद तब शुरू हुआ जब कल्लू पटेल ने पुराने 20 हजार रुपयों की मांग शुरू कर दी। गोविंद ने कुछ समय की मोहलत मांगी, लेकिन कल्लू को यह नागवार गुजरा। विवाद बढ़ा तो कल्लू पटेल ने अपने बेटों राहुल, आकाश, भाई संदीप और अन्य साथियों को फोन कर बुला लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावर बाकायदा एक पिकअप वाहन में सवार होकर आए और दुकान में घुसते ही गोविंद पर टूट पड़े। दबंगों ने गोविंद को घेरकर लात-घूंसों से इस कदर पीटा कि उनकी आंख, गर्दन और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। दबंगई यहीं नहीं रुकी, आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने गोविंद की जेब में रखे 20 हजार रुपये भी लूट लिए और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। हमले के दौरान वहां मौजूद कर्मचारी भागीरथी बैगा और अन्य लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों के सिर पर खून सवार था। पूरी वारदात ओम ट्रेडर्स में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह आधा दर्जन से अधिक लोग एक निहत्थे व्यक्ति को बेरहमी से पीट रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कल्लू पटेल, राहुल पटेल, आकाश, संदीप, पिंटू और विकास कुशवाहा सहित अन्य के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# एबीव्हीपी ने कुलगुरु को घेरा

### 20 सूत्रीय मांगों के साथ आर-पार की चेतावनी

**शहडोल। संभागीय मुख्यालय स्थित पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय अब शिक्षा का मंदिर कम और अव्यवस्थाओं का अड्डा अधिक नजर आ रहा है। छात्र हितों की अनदेखी और प्रशासनिक मनमानी के खिलाफ बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का गुस्सा फूट पड़ा। जिला संयोजक अमन त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कुलगुरु को ज्ञापन सौंपते हुए विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली की धज्जियां उड़ाईं और दो टूक चेतावनी दी कि यदि दो दिनों में सुधार नहीं हुआ, तो ईंट से ईंट बजा दी जाएगी।**



एबीव्हीपी ने सबसे बड़ा हमला विश्वविद्यालय की लचर परीक्षा प्रणाली पर बोला है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रिवैल्युएशन के फॉर्म भरे चार महीने बीत गए, लेकिन छात्र आज भी नतीजों के इंतजार में हैं। परिषद ने केंद्रीय मूल्यांकन प्रभारी डॉ. पूर्णिमा शर्मा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। परीक्षा परिणाम में हो रही देरी से हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाया गया है कि पीएम-उषा जैसी महत्वपूर्ण योजना के तहत केवल कागजी सेमिनार कर वाह-वाही लूटी जा रही है। छात्रों का कोई शैक्षणिक विकास नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं, पीएम-उषा के तहत बन रहे नवीन भवनों के निर्माण को गुणवत्ता विहीन बताया गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना तराई और मजबूती के दो महीने में दो मंजिलें खड़ी कर दी गईं, जो किसी बड़े हादसे को दावत दे रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों की जेब काटने का आरोप लगाते हुए एबीव्हीपी ने कहा कि बस फीस 500 रुपये से सीधे 2000 रुपये कर दी गई। ताज्जुब की बात यह है कि शहडोल कैंपस के छात्र, जो बस की सुविधा लेते ही नहीं, उनसे भी जबरन ट्यूशन फीस के नाम पर यह वसूली की जा रही है। परिषद ने इस लूट को तत्काल बंद करने की मांग की है।

दीक्षांत समारोह में सड़ा हुआ खाना (फूड पैकेट) बांटने से लेकर कैंपस में सीसीटीवी कैमरों के अभाव तक, हर मोर्चे पर विश्वविद्यालय विफल दिखा। ज्ञापन में वाई-फाई, शुद्ध पेयजल, बाउंड्री वॉल, मेडिकल सुविधा और स्मार्ट क्लास जैसे वादों की याद दिलाई गई जो आज तक फाइलों में दबे हैं। एग्रीकल्चर के छात्रों की कक्षाएं समय पर न लगना और सत्र का लेट होना भी चर्चा का विषय रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलगुरु ने दो दिन का समय मांगा है। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, प्रांत सहमंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी और विश्वविद्यालय मंत्री आकाश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया कि परिषद अब आश्वासनों से बहलने वाली नहीं है। अगर मांगे पूरी नहीं हुईं, तो विश्वविद्यालय परिसर जल्द ही रचनात्मक आंदोलन का गवाह बनेगा।




## बुढ़ार में सेवा का अनोखा जज़्बा

### रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ निः शुल्क ठंडे पानी का प्याऊ

शहडोल। गर्मी की दस्तक के साथ जहां लोग राहत के उपाय खोज रहे हैं, वहीं बुढार के जागरूक युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश कर दी है। बुढार रेलवे स्टेशन पर निशुल्क ठंडे पानी के प्याऊ का शुभारंभ कर यात्रियों को बड़ी राहत दी गई है। इस सराहनीय पहल के पीछे क्षेत्र के समाजसेवी युवा संदीप साहू, साहिल गुप्ता, ब्रज साहू और अंकित का विशेष योगदान रहा।

रेलवे स्टेशन पर रोजाना सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना होता है, खासकर गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की व्यवस्था एक बड़ी जरूरत बन जाती है। ऐसे में इन युवाओं ने बिना किसी स्वार्थ के आगे आकर यह जिम्मेदारी उठाई और लोगों के लिए शीतल जल की सुविधा उपलब्ध कराई।स्थानीय लोगों और यात्रियों ने इस पहल की जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। युवाओं की यह टीम आगे भी इसी तरह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प ले चुकी है। बुढार के इन युवाओं की यह पहल न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि समाज सेवा की एक नई मिसाल भी कायम कर रही है।

# 12 फिट ऊपर से गिरा मजदूर, प्रबंधन पर खड़े हुए सवाल

**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में मजदूरों की जान की कीमत शायद कौडिय़ों के भाव रह गई है। मंगलवार को प्लांट परिसर में हुए एक और खौफनाक हादसे ने प्रबंधन के सेफ्टी सिस्टम के ढोल की पोल खोलकर रख दी है। सीएचपी (कोल हैंडलिंग प्लांट) साइड में काम के दौरान एक मजदूर करीब 12 फीट की ऊंचाई से सीधा जमीन पर आ गिरा। इस हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यहां सुरक्षा के नाम पर केवल करोड़ों का बजट ठिकाने लगाया जा रहा है, जबकि धरातल पर मजदूर मौत के साए में काम कर रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार नौरोजाबाद के वार्ड क्रमांक 4 का निवासी 27 वर्षीय ओमप्रकाश सिंह पिता नत्थू सिंह, ठेकेदार शुभम (पप्पू) झा के अधीन वेल्डिंग का काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो वेल्डिंग के दौरान अचानक उसे बिजली का जोरदार झटका लगा, जिससे वह अपना संतुलन खो बैठा। बिना किसी सेफ्टी बेल्ट और सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहा ओमप्रकाश संभल नहीं पाया और 12 फीट की ऊंचाई से कंक्रीट के फर्श पर गिर गया। हादसे के बाद प्लांट में हडक़ंप मच गया। आनन-फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। आरोप है कि प्लांट में सुरक्षा व्यवस्था महज एक मजाक बनकर रह गई है। चर्चा है कि सेफ्टी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी, विशेषकर दुबे जी, अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त हैं। मजदूरों को न तो सेफ्टी बेल्ट दी जा रही है और न ही पैरों में पहनने के लिए जूते। बिना किसी ट्रेनिंग और सुरक्षा गियर के मजदूरों को खतरनाक ऊंचाइयों पर धकेला जा रहा है। प्लांट के भीतर सुरक्षा के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों से बाहर नहीं निकलते और मजदूर नीचे अपनी जान गंवा रहे हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है। संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र पहले भी मजदूरों के खून से लाल हो चुका है। पूर्व में हुए हादसों और मौतों के बावजूद प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की सांठ-गांठ ने मजदूरों को बंधुआ मजदूर से भी बदतर स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र अब बिजली पैदा करने वाले प्लांट से ज्यादा हादसों का अड्डा नजर आ रहा है। यदि समय रहते इन लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों पर नकेल नहीं कसी गई, तो वह दिन दूर नहीं जब यहां आक्रोश का बड़ा विस्फोट होगा।



खबर संक्षेप

## निर्माण कार्य प्रारभ करने की सूचना देना अनिवार्य

**उमरिया।** श्रमपदाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाईल ऐप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियो की संख्या, स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिको के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य संनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में,जहां प्रस्तावित भवन एवं अन्य संनिर्माण कार्य किया जाना है,अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल,सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी साझा करना अनिवार्य है। निर्माण स्थलों की जानकारी या सूचना न देना नियम उल्लंघन माना जा सकता है और नियोक्ता पर जुर्माना एवं कार्रवाई हो सकती है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यदि कोई नियोजक, धारा 46 के अधीन भवन या अन्य संनिर्माण कार्य के प्रारंभ की सूचना नही देता है,तो उसे कारावास,जिसकी अवधि तीन महीने तक की हो सकेगी या जुर्माना जो दो हजार रूपए तक अथवा दोनो हो सकता है। ऐसे किसी भी निर्माण स्थल की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम नंबर -18002338888 पर भी संपर्क कर सकते है। निर्माण कार्य का पंजीयन नही किये जाने पर नागरिक इस टोल फ्री नंबर पर जानकारी देकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

## श्रमोदय विद्यालय जबलपुर में हर्षित सिंह का चयन

**जैतहरी।** छात्र हर्षित सिंह पिता प्रमात सिंह राठौर का चयन 2025-26 की प्रवेश परीक्षा द्वारा हुआ है। श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 36वां रैंक प्राप्त कर पैरामाउंट एकेडमी हायर सेके स्कूल जैतहरी को गौरवान्वित किया है। छात्र की सफलता के परिवार का मार्गदर्शन प्रेरणादायक रहा।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व बाल लीलाओं से भक्त हुए भाव-विभोर

# बुढार में श्रीमद्भागवत कथा से गूंज रहा नगर

### धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव
### आचार्य बालकृष्ण पांडे ने सुनाई पूतना वध, गोवर्धन लीला और भक्त प्रह्लाद की कथा



**बुढार। बुढार नगर इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर है। हीरा कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और उनकी बाल लीलाओं के प्रसंगों ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण बनाया कि पूरा पंडाल जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक आचार्य बालकृष्ण पांडे के मुखारविंद से निकली दिव्य कथा सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं और बड़ी संख्या में भक्त प्रतिदिन कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।**

नगर की हीरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 2 में समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र तिवारी के निज निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कई दिनों से चल रहे इस धार्मिक आयोजन ने पूरे नगर को भक्ति के वातावरण में सराबोर कर दिया है। कथा वाचन आचार्य पंडित बालकृष्ण पांडे द्वारा किया जा रहा है, जिनके मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं।

कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पंडाल मंय भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें देवकी, वासुदेव, नंदबाबा और यशोदा के जीवन से जुड़े प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया। नन्हें बालक को श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर जब पंडाल में लाया गया तो पूरा वातावरण जय कन्हैया लाल की और नंद घर आनंद भयो के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने बाल गोपाल को माखन-मिश्री का भोग अर्पित किया और आरती कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन-कीर्तन और मधुर संगीत की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान आचार्य बालकृष्ण पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का महत्व बताते हुए कहा कि जब भगवान का अवतार होता है तो असंभव भी संभव हो जाता है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण के जन्म के समय कारागार के ताले



स्वयं खुल गए, पहरेदार गहरी नींद में सो गए और वासुदेव-देवकी बंधनमुक्त हो गए। इसके बाद वासुदेव नवजात श्रीकृष्ण को लेकर उफनती यमुना नदी पार कर गोकुल पहुंचे और वहां यशोदा के यहां जन्मी कन्या को लेकर वापस आ गए। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान आचार्य ने भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा भी सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक छोटे बालक प्रह्लाद ने भगवान विष्णु के प्रति अटूट भक्ति दिखाई। हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को विष्णु भक्ति से दूर करने के लिए अनेक कष्ट दिए, लेकिन प्रह्लाद अपनी भक्ति से डिगे नहीं। अंततः भगवान विष्णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए और हिरण्यकश्यप का अंत कर अपने भक्त की रक्षा की। आचार्य ने कहा कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से ही परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है। पांचवें दिन की कथा में आचार्य पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने पूतना वध का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राक्षसी पूतना ने बालकृष्ण को मारने के लिए विष मिला दूध पिलाने का प्रयास किया था, लेकिन भगवान ने उसका वध कर उसे भी मोक्ष प्रदान कर दिया। इसके बाद गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी इंद्र देव की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें प्रकृति और गोवर्धन पर्वत की पूजा का महत्व समझाया। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने लगातार सात दिनों तक भारी वर्षा की, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का अहंकार नष्ट कर दिया।कथा के समापन पर भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कई दिनों से चल रहे इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पंडाल में हर दिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और लोग भक्ति रस में डूबकर कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं श्रद्धालुजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से बलमीत खनूजा, पपलू सिंह, सोनू आहूजा, आशीष नामदेव, सागर महाराज, अमित तिवारी, आशु तिवारी, रामचरित मिश्र, रामलखन मिश्र, मंजू पांडे, शीतल पोद्दार, पिंकू शुक्ला, संतोष लोहनी, अमरेंद्र तिवारी, शिवनारायण द्विवेदी, रविन्द्र वर्मा, अनिल सिंह, पीके भगत, बबलू भगत, डॉ. एन.के. अग्रवाल सहित नगर के अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई में 72 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के दूर दराज से आए 72 लोगो की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में सतेन्द्र सिंह निवासी उजनिया व्दारा तहसील चंदिया से वाहन का भुगतान कराने,मान सिंह निगहरी ने विद्युत सप्लाई चालू कराने,सुनील,रानी, अमित,सुलोचना,सपना सहित निवासी वार्ड क्रमांक 5 निवासी उमरिया ने पाईप लाइन बिछवाने,कैलाश कुमार केवट सरसवाही ने समग्र आई डी अपडेट कराने,जगदीश साहू ग्राम बांसा ने भूमि का कब्जा वापस दिलाने,अच्छे लाल काछी चिल्हारी ने बिजली कनेक्शन कटाने, मोहन,अवसर,लल्लू,नंदू निवासी चंदिया ने वनाधिकार का पटटा दिलाने,मुन्नी बेगम चंदिया ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने,किरण चौधरी ने राशन दुकान मे फिंगर न लगने



कि वजह से राशन नही मिलने, बोनी बाई निवासी खलेसर ने हल्का पटवारी व्दारा कब्जा न दिलाने संबंधी आवेदन किया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीईओ की अध्यक्षता में डीपीएमयू एवं मध्यान्ह भोजन के संबंध में बैठक संपन्न

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में डी पी एम यू एवं मध्यान्ह भोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई । बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सत्र 2026-27 से स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय में साफ-सफाई,रंग रोगन आदि कार्य दुरुस्त कराया जाएं। सत्र 2026-27 से स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व रीवा बुक डिपो से प्राप्त पुस्तकों का वितरण शत-प्रतिशत 3.0 के अनुसार किया जाने के निर्देश दिये गए।सत्र 2026-27 में विद्यालय निरीक्षण के निर्देश दिये गये सभी बी आर सी सी ,बी ए सी,सी ए सी विद्यालय का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें,एफ एल एन मेन्टरिंग निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रतिमाह पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण प्रत्येक दिन बनाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा




कि बालिका शौचालय का उचित स्थान पर निर्माण कराया जाए एवं 30 मार्च तक अपूर्ण कार्य पूर्ण किए जाएं,प्रत्येक विद्यालय में बर्तन खरीदी का कार्य 30 मार्च तक पूर्ण करने एवं भौतिक सत्यापन कर उपयागिता प्रमाण पत्र जमा करने,सत्र 2026-27 में नामांकन का कार्य 30 मार्च के पूर्व अनिवार्य रूप से कराये जाने,जिले अंतर्गत बालक-बालिका छात्रावासों में प्रवेश 01 अप्रैल से कराने हेतु निर्देश दिये गए । बैठक के दौरान डीपीसी के के डेहरिया,समस्त एपीसी, प्रोग्रामर प्रमोद पांडेय, जिला एम डी एम प्रभारी, बी आर सी सी, बी ए सी, सी ए सी उपस्थित रहे।

## राजनगर में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत

**राजनगर।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। जहां 14 वर्ष तक की बालिकाओं को निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है। इस पहल के तहत कम उम्र में ही बालिकाओं को सुरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे भविष्य में इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सके। हाल ही में सोशल मीडिया पर वैक्सीन को लेकर कुछ भ्रामक वीडियो सामने आए थे। जिनमें वैक्सीनेशन के बाद बच्चों को दिक्कत होने के दावे किए गए थे। हालांकि, अनूपपुर जिले में अब तक जिन बालिकाओं को यह वैक्सीन लगाई गई है। उनमें किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या सामने नहीं आई है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे सुरक्षित बताते हुए अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बच्चियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों की उपस्थिति भी रही।

# जिले के पसान क्षेत्र में पहला पंजीकृत मछली विक्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ

**भालूमाड़ा।** मत्स्य विभाग राज्य में मत्स्य पालन और मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है मछली के खुदरा या थोक व्यापार के लिए स्थानीय निकाय या मत्स्य विभाग से लाइसेंस और एफएसएसएआई पंजीकरण अनिवार्य होता है इसके लिए मत्स्य विक्रय करने हेतु स्थान भी निर्धारित होता है मछली की बिक्री केवल सरकार द्वारा निर्धारित मार्केट या अस्थाई सेड में ही की जा सकती है ताकि खुले में गंदगी ना फैले और आम लोगों के स्वच्छता-स्वास्थ्य का हित भी बना रहे अमूमन पूरे जिले में मत्स्य उद्योग यानी की मछली बेचने का कार्य ही देखने सुनने में मिलता है और यह कार्य भी शासन के नियमों दिशा निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए जिसकी पहल अनूपपुर जिला प्रशासन के द्वारा की गई है और इस कड़ी में नगर पालिका परिषद पसान पहला स्थानीय निकाय है जहां पर मछली विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया है यह मछली केंद्र (स्मार्ट फिस पार्लर) शासन के द्वारा पंजीकृत है जिसका शुभारंभ 17 मार्च को अनूपपुर जिले के मत्स्य विभाग के निरीक्षक श्रीमती बर्षा दुर्गा, विभाग के सहायक संचालक एसके सोंधिया, नगर पालिका पसान के अध्यक्ष रामअवध सिंह के द्वारा मछली विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर पसान नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया की नगर के वार्ड क्रमांक 11 सब्जी मंडी के बगल से लाइसेंसी मछली विक्रय केंद्र के शुभारंभ होने के बाद से अब लोगों को एक निश्चित स्थान पर स्वच्छता के साथ मछली का क्रय कर सकेंगे और जगह-जगह जो अनैतिक रूप से दुकान चल रही है उन पर रोक लगेगी इस लाइसेंसी मछली दुकान का संचालन सुचारु रूप से चले इस बात का ध्यान रखा जाएगा आपके द्वारा बताया गया की आने वाले समय में नगर में जो भी गली मोहल्ले मुख्य मार्गों पर मीट मटन चिकन की दुकानें हैं उन्हें भी यहां पर सेड बनाकर व्यवस्थाएं देकर शिफ्ट किया जाएगा जिससे स्वच्छता भी होगी और आमजन को किसी प्रकार की समस्या भी नहीं होगी इन सभी चीजों के लिए नगर पालिका का उद्देश्य यही है कि आमजन को अधिक से अधिक सुविधा मिले नगर में स्वच्छता रहे साफ सफाई रहे और उन्हें जो भी उपयोगी चीजे हैं उन पर भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

मत्स्य विभाग की निरीक्षक श्रीमती वर्षा दुर्गा ने बताया कि अनूपपुर कलेक्टर के सफल प्रयास से पसान में पहला पंजीकृत दुकान का शुभारंभ हुआ है पूरे जिले भर में 13 दुकान मछली बिक्री के लिए बनाए जाने हैं जिनमे सबसे पहले पसान नगर पालिका क्षेत्र में दुकान बनकर संचालित होने जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता लाल बहादुर जायसवाल ने पसान में पहला मछली विक्रय केंद्र के निर्माण और शुभारंभ होने पर नगर पालिका अध्यक्ष पूरी परिषद का धन्यवाद किया उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि जिले में पहली बार नगर पालिका पसान में यह विक्रय केंद्र चालू हुआ है उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि क्षेत्र में अनेक प्रकार की मीट मछली मटन की दुकानें हैं जहां पर स्वास्थ्य की अनदेखी की जा रही है इस और भी शासन प्रशासन को ध्यान देना होगा अन्यथा कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उक्त कार्यक्रम में पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो, उप यंत्री उमेश त्रिपाठी, अविनाश मरकाम, अनुभव त्रिपाठी, मत्स्य विभाग की निरीक्षक श्रीमती वर्षा दुर्गा, विभाग के सहायक संचालक एसके सोंधिया, उपाध्यक्ष अजय यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, पार्षद सुशील तिवारी, अब्दुल कलाम, इंद्रलाल केवट, सूर्यप्रकाश लोधी, श्रीमती अल्का लाल बहादुर जायसवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल, दीपक सिंह, अजय यादव नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी स्थानीय व्यापारी बंधु आमजन उपस्थित रहे।

# बदरा बस स्टैंड में फल ठेले में लगाई आग

### 50 हजार का नुकसान, पुराने विवाद में युवक पर जताई शंका

**बदरा/जमुना।** अनूपपुर जिले के बदरा बस स्टैंड में एक फल विक्रेता के ठेले में आग लगाने का मामला सामने आया है आग लगने से ठेले में रखा फल और पूरा ठेला जलकर राख हो गया, जिससे दुकानदार को करीब 45 से 50 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है। पीड़ति ने मामले की शिकायत थाना भालूमाड़ा में दर्ज कराते हुए एक व्यक्ति पर शंका जाहिर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदरा बस स्टैंड में नारायण दास चौधरी का फल का ठेला संचालित होता है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बीती रात अज्ञात कारणों से ठेले में आग लग गई, जिससे ठेले में रखा पूरा फल और सामान जलकर नष्ट हो गया आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस संबंध में रविदास चौधरी पिता नारायण दास चौधरी ने बताया कि उनके पिता लंबे समय से बदरा बस स्टैंड में फल बेचने का काम करते हैं। देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने ठेले में आग लगा दी, जिससे फल सहित पूरा ठेला जल गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 45 से 50 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है।



फरियादी द्वारा थाने में दी गई रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उसका पहले राकेश चौधरी से विवाद हो चुका है। फरियादी का कहना है कि राकेश चौधरी उससे रंजिश रखता था, इसलिए उसे शंका है कि संभवतः उसी ने ठेले में आग लगाई होगी। पीड़ति परिवार ने इस संबंध में थाना भालूमाड़ा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है और मामले की जांच कर



दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने भी घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द ही दोषियों को पकड़कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि छोटे व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# अवैध रेत उत्खन्न परिवहन करने वाले 2 ट्रेक्टर एवं आरोपियों के विरूध्द की गई कार्यवाही



**जैतहरी।** अवैध रेत उत्खन्न करने वाले रेत माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत 17 मार्च को रात्री में पुलिस स्टाफ चौकी वेकंटनगर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खालबहरा के आगे छत्तीसगढ़ बॉर्डर से गूजर नाला से अवैध खनिज रेत का चोरी से उत्खन्न कर दो नीले रंग के ट्रेक्टर ट्राली में ट्रेक्टर चालक रेत लोड करके ग्राम मुण्डा तरफ रेत बेंचने आने वाले हैं जो मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मुण्डा से खालबहरा की ओर पहुंचने पर खालबहरा तरफ से दो ट्रेक्टर आते दिखे जो उक्त दोनो ट्रेक्टर के चालक पुलिस को देखकर ग्राम मुण्डा में साप्ताहिक बाजार लगने वाले स्थान पर रोड से ट्रेक्टर उतारकर मौके पर ट्रेक्टर छोड़कर अंधेरे में झाडियो से होते हुये भाग गये जिनका पीछा किया गया लेकिन अंधेरा होने से दस्तयाब नही हुये बाद गवाहो के समक्ष दोनो ट्रेक्टर चेक किया गया तो दोनो ट्रेक्टर की ट्राली में रेत लोड थी जिसमें एक स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर नीले रंग का जिसके सामने रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नही था ट्रेक्टर में लगी ट्राली में 03 घन मीटर रेत खनिज लोड होना पाया गया जो बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के स्वराज कंपनी के ट्रेक्टर मय ट्राली में लोड 03 घन मीटर अवैध रेत (खनिज) एवं अवैध रेत लोड दूसरा स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर नीले रंग का ट्रेक्टर में लगी ट्राली में 03 घन मीटर रेत खनिज लोड होना पाया गया जो उक्त दोनो ट्रेक्टर के अज्ञात वाहन चालक का कृत्य धारा 303(2),317(5), 305(ई) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खान खनिज विकास अधिनियम 1957 के तहत दण्डनीय पाये जाने से मौके से उक्त दोनो ट्रेक्टर मय ट्राली में लोड 03-03 घन मीटर अवैध रेत (खनिज) एवं वाहन कुल कीमती 1006000 रूपये का समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया उक्त वाहनो के आरोपी वाहन चालक एवं वाहन स्वामीयो के विरूद्ध धारा 303(2),305, 317(5) 4/21 खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबध्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, प्र.आर.48 सुजीत सिंह एवं आर. 288 विजय टाटू की सराहनीय भूमिका रही है।

## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

**कटनी।** मांझी समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 22 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक नगर निगम ऑडिटोरियम, बस स्टैंड के पास में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्णताः की ओर है। मांझी समाज के जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया ने बताया कि आयोजन में कटनी के साथ ही जबलपुर, सतना, रीवा, दमोह, सागर, बीना, छतरपुर, टीकमगढ़, हटा, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, चिरमिरी सहित अन्य शहरों से बड़ी संख्या में स्वाजातीय बंधु शामिल होंगे और अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराकर इस पुण्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। संरक्षक योगेश सोंधिया ने बताया कि परिचय सम्मेलन की तैयारियां पिछले करीब एक महीने से की जा रही थी। दो साल बाद होने जा रहे इस आयोजन को लेकर स्वाजातीय बंधुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला उपाध्यक्ष राजेश निषाद ने बताया कि 22 मार्च को आयोजित परिचय सम्मेलन में गुहराज निषादराज जी की जंयती धूमधाम से मनाई जाएगी।

### निषाद राज जयंती पर में निकलेगी शोभायात्रा

**उमरियापान।** भगवान श्रीराम के सखा भगवान गुहाराज निषाद राज की जयंती के अवसर पर 23 मार्च को उमरियापान में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन बर्मन, मांझी, ढीमर, केवट,निषाद, रैकवार समाज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।कार्यक्रम की शुरुआत पुरैनहा तालाब स्थित हनुमान मंदिर, सिद्ध बाबा से की जाएगी, जहां समाज के लोग एकत्रित होकर पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। आयोजनकर्ताओं ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान निषाद राज की जयंती को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने कहा है।

### विक्रमोत्सव का आयोजन कल होगा

**कटनी।** भारतीय नव वर्ष सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत के आरंभ और गुड़ी पड़वा के अवसर पर गुरूवार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में भव्य 'विक्रमोत्सव' मनाया जाएगा। इसके व्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने इसके लिए एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने विक्रमोत्सव के आयोजन के लिए उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता को नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी के तौर पर शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील बाजपेई और जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि को नियुक्त किया है। गुरूवार 19 मार्च को सुबह 10 बजे कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा और बस स्टैण्ड ऑडिटोरियम में नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन भी होगा। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने नागरिकों से नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य को देखने बस स्टैण्ड ऑडिटोरियम में पहुंचने का लोगों से आग्रह किया है।

# ग्राम पंचायत नेमूहा में एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न








चिनौरी शहडोल

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था श्री बजरंग ग्राम विकास समिति चंनौडी द्वारा सेक्टर 05 के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेमूहा में ग्राम स्तर पर कार्यरत नेमूहा,बैरिहा, भमला,सेमारिहा और शाहपुर प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जन अभियान परिषद की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समन्वयक विवेक पांडेय ,माध्यमिक विद्यालय नेमुहा प्रधानाध्यापक हरिवंश मिश्रा ग्राम पंचायत रोजगार सहायक धुर्व सिंह और नवांकुर संस्था सचिव सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे,मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । परामर्शदाता एवं प्रस्फुटन समितियों से आए हुए पदाधिकारी व नवांकुर सखियों की उपस्थिति रहे,जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने प्रशिक्षण के विषय वस्तु पर जानकारी देते हुए प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियो को जन अभियान परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में परामर्शदाता आंनद जी , रूही द्वारा विषय वस्तु की जानकारी विस्तार से दी गई। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में परिषद की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने एवं ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवांकुर सखियों ने भी प्रशिक्षण में उत्साह पूर्वक भाग लिया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले अभियानों को किस तरह से MIS में डाटा फीड करना है उसकी जानकारी दी गई इसके साथ ही पदाधिकारी,परामर्शदाता, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष-सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियों की उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियो को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



## मां कर्मा की जयंती मनाई गई

**ब्यौहारी**-बस स्टैंड देवी मंदिर में मां कर्मा की जयंती साहू समाज द्वारा धूमधाम से बनाई गई मां कर्मा की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद बांटा गया दिनांक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहू समाज ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश साहू , रामपाल साहू ,रोशन नागपाल , शिवकुमार साहू , मोहन साहू ,हीरालाल साहू,अशोक साहू,बसंत साहू ,अनुराग साहू , प्रमोद साहू, पूरन साहू,उमेश साहू,नीता साहू,रेखा साहू,मोना साहू,शांति साहू सैकड़ो साहू समाज जन उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन आने जाने में असुविधा फिर भी प्रशासन मूकदर्शक

ब्योहारी

ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र में चुंगी नाका स्थित रीवा रोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीच सड़क पर दोपहर को ट्रक खड़ा कर किराना दुकान का सामान उतारता हुआ रीवा रोड़ से आने वाले वाहन को बहुत असुविधा होती है और अगल बगल वाले दुकानदार के सामने ट्रक खड़ा कर दादा गिरी व अभद्रता से ड्राइवर पेश होता है ड्राइवर व जिस दुकानदार का माल उतारता है वो दोनों मिलकर छोटे छोटे दुकानदारों दवाकर रखने का प्रयास किया जाता है* जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन में किसी वाहन में लोडिंग अन्य लोडिंग नो एंट्री रहता है लेकिन नगर परिषद व यातायात व्यवस्था स्पष्ट रूप चौपट चरमराया गई है जबकि राष्ट्रीय




राजमार्ग रीवा आने सभी प्रकार वाहन हजारों आना जाना रहता है लेकिन जैसा ट्रक खड़ा ऐसा लगता है कभी तेज वाहन चलाने अनियंत्रित होकर पलट सकता है या डिवाइडर से भिड़ेंगे और कोई बाईक व छोटे वाहन भी चपेट आ सकता है और आकस्मिक घटना घट सकती है। *प्रशासन कि चुप्पी नगर कि अव्यावस्था का आलम है इसी तरह नगर परिषद क्षेत्र वार्ड में यही स्थिति है जिला प्रशासन से अपेक्षा है ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र चुस्त दुरुस्त व्यावस्था बनाए जाने के लिए ब्योहारी प्रशासन को निर्देश दिए जिससे ब्योहारी क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा शहडोल राजमार्ग पर किसी बंधन वाहन को चलाने में सुविधा हो

## शासकीय महाविद्यालय बीरसिंहपुर पाली द्वारा ग्राम गौरैया में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन



बिरसिंहपुर पाली

आज दिनांक 17 मार्च 2026 को ग्राम गौरैया के शासकीय हाई स्कूल परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री अमृतलाल विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि गांव के सरपंच श्री संतोष मानिकपुरी, विद्यालय की प्राचार्य एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता जैन, महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ शहीद ए सिद्दीकी, सह समन्वयक श्री अनुभव श्रीवास्तव, प्रभारी डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ नरेश शुक्ला, डॉ त्रिभुवन गिरी, श्री बालेंद्र यादव, श्री जैकी सक्सेना, श्री मुन्ना सिंह, श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा, श्री कमलेश बैगा एवं रा से यो स्वयंसेवक उपस्थित है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अमृतलाल विश्वकर्मा ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा एवं देश प्रेम की बातें बताईं। उन्होंने छात्र जीवन के इस बहुमूल्य समय में समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवक को समय की उपयोगिता बताई। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरिता जैन ने स्वयंसेवकों में सेवा भाव को जागृत करते हुए योगदान एवं भूमिका पर प्रकाश डाला। मैडम ने शासन की छात्रवृत्ति अन्य हितग्राही योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया। प्रभारी प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को यह बताया कि उठो जागो और तब तक मेहनत करते रहो जब तक सफलता प्राप्त नहीं हो जाते। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शाहिद ए सिद्दीकी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिविर में की जाने वाली गतिविधियों को क्रमबद्ध समझाते हुए स्वयंसेवकों को अनुशासित एवं समाज सेवा के प्रति तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर मनीष अग्रवाल द्वारा किया गया। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने समस्त अतिथियों से इस शिविर में सहयोग की अपेक्षा की।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग से भावविभोर हुए श्रद्धालु

बुढार।

**शहडोल जिले के बुढार नगर स्थित हीरा कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 2) में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा। युवा नेता एवं समाजसेवी नरेंद्र तिवारी के निज निवास पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सोमवार को कथा व्यास आचार्य बालकृष्ण पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन किया।**





### प्रमुख प्रसंगः पूतना मोक्ष और गोवर्धन लीला

कथा के दौरान आचार्य पांडे ने पूतना मोक्ष के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे प्रभु ने छल करने आई राक्षसी का वध कर उसे मोक्ष प्रदान किया। इसके पश्चात गोवर्धन लीला का सजीव वर्णन किया गया। इंद्र का मान-मर्दनः जब ब्रजवासी इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब कान्हा ने उन्हें प्रकृति और गोवर्धन पर्वत की सेवा का महत्व समझाया। पर्वत धारणः क्रोधित इंद्र द्वारा की गई मूसलाधार वर्षा से ब्रज को बचाने के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण किया।

**छप्पन भोगः** कथा के समापन पर गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसका भक्तों ने प्रसाद के रूप में आनंद लिया।

### गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति

इस आध्यात्मिक आयोजन में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे हैं। पांचवें दिन मुख्य रूप से गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### निगमायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

## सब्जी मंडी एवं गोल बाजार में गंदगी देख जताई नाराजगी, दरोगा निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में उत्कृष्ट रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार स्वयं सुबह तड़के सड़कों पर उतरकर व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। सोमवार को प्रातः बिलैया तलैया सब्जी मंडी, गोल बाजार, सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और मुख्य मार्गों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, हाजिरी प्रक्रिया तथा निर्धारित ड्रेस में कार्य करने की व्यवस्था की भी जानकारी ली और सभी कर्मचारियों को अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बिलैया तलैया सब्जी मंडी एवं गोल बाजार क्षेत्र की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए जब सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर नहीं पाई गई तो निगमायुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर की स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।



### गंदगी फैलाने वालों पर करें स्पॉट फाइन

स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों और वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित सुबह-शाम भ्रमण कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को चिन्हित करें और उन पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### मवेशियों पर भी कार्रवाई के निर्देश

बाजार क्षेत्रों में सुगम और सुरक्षित आवागमन बनाए रखने के लिए निगमायुक्त ने हाका गैंग के माध्यम से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

### आयुक्त ने लोगों से किया संवाद

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर सफाई व्यवस्था के बारे में उनकी राय और सुझाव भी लिए। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि दुकानों और घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेकें, बल्कि नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन को ही दें। साथ ही सब्जी मंडी के व्यवसायियों को भी निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने की समझाइश दी। निगमायुक्त ने नागरिकों को स्वच्छता संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम द्वारा शीघ्र ही कंट्रोल रूम स्थापित कर टोल फ्री नंबर भी जारी किए जाने की जानकारी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, प्रभारी हेड दरोगा तेजभान सिंह, अतुल गुप्ता सहित संबंधित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

## प्रस्फुटन समितियों को दिया क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में नवांकुर योजनांतर्गत सेक्टर क्रमांक 04 बसाड़ी के अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम बेहडीकला, नन्हवारा खुर्द, कुम्हरवारा, परसवारा खुर्द, मिडरा से अंतर्गत गठित प्रस्फुटन समितियो के एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन जीवन विकास ट्रेंनिंग सेंटर बिजौरी में किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक रामकिशोर चौधरी द्वारा अतिथियों एवम् उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया गया। ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया के द्वारा जन अभियान परिषद् की नवांकुर योजना और प्रस्फुटन योजना की अवधारणा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समितियों की त्रैमासिक कार्यों की समीक्षा की गयी और समितियो के दस्तावेजीकरण पर गंभीरतापूर्वक प्रकाश डाला गया। इसके बाद आदर्श ग्राम बनाने प्रस्फुटन वाटिका का का निर्माण करना, संस्कार केंद्र खोलना, वाचनालय खोलने आदि पर विस्तृत चर्चा किया गया। मानव जीवन विकास समिति द्वारा तैयार डाक्यूमेंटरी फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया जिसमे समग्र विकास की अवधारणा निहित है फिल्म देखकर प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आये। मानव जीवन विकास समिति के जिला समन्वयक चंद्रपाल कुशवाहा के द्वारा समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवम् विभिन्न चरणों पर बात रखते हुए ग्राम की छोटी छोटी आवश्यकताओं एवं समस्याओ को खोजकर आपसी सहयोग से हल करने हेतु प्रेरित किया। कुम्हरवारा ग्राम पंचायत सरपंच वृंदावन पटेल द्वारा बताय गया की ग्राम के विकास में प्रस्फुटन समितियों के साथ हमारा भरपूर सहयोग रहता है, समिति सदस्यों द्वारा लगातार ग्राम विकास के मुद्दे पर काम किया जा रहा है।



कार्यक्रम के समापन में सभी प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधि एवं अतिथियो के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उपस्थितों का आभार व्यक्त कर समापन किया गया।

## खबर संक्षेप



### चैत्र नवरात्र कल से देवी मंदिरों में शुरू हुई तैयारी, होंगे यज्ञ-अनुष्ठान

**राजनगर।** राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत चैत्र नवरात्र को अब दो दिन ही शेष बचे हैं। 19 मार्च गुरुवार से मां दुर्गा के सभी नौ रूपों की अराधना की जाएगी। चैत्र नवरात्र को हिंदू नववर्ष भी कहा जाता है। इस साल आरंभ होने वाला नया वर्ष विक्रम संवत 2083 होगा। इसे रौद्र संवत्सर के नाम से भी जाना जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह वह समय है जब भगवान ब्रह्मा ने संसार की रचना प्रारंभ की थी। भगवान विष्णु ने इसी माह मत्स्य अवतार लिया था। चैत्र नवरात्र के पहले दिन महाराष्ट्र, गोवा और दक्षिण भारत में गुड़ी पड़वा त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन घर के बाहर फहराया जाने वाला ध्वज सकारात्मकता और समृध्दि का प्रतीक माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदातिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन 20 मार्च तक रहेगी। राजनगर के न्यू राजनगर, कालीमंदिर, राम मंदिर सब एरिया ऑफिस के पीछे, दुर्गा मंदिर सीधी दफाई के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिरों में सफाई और पुताई शुरू हो गई है। मंदिरों को फूल और लाइट से सजाया जाएगा। मंदिरों में देवी मां को रोजाना नई पोषाक पहनाई जाएगी। क्षेत्र के मंदिरों में देवी मां का रोजाना भजन और कीर्तन किए जाएगे। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) न्यू राजनगर काली मंदिर नगर का सबसे पुराना मंदिर है। मंदिर में भगवती मां विराजमान है। नवरात्र के दिनों मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु मां का आशीर्वाद लेने आते है। मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर में सफाई, पुताई, सजावट के कार्य शुरू हो गए है। गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकलेगी और शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। इस महायज्ञ में नगर के सभी नगर वाशी कलश यात्रा में शामिल होंगे। तथा 9 दिन तक चंडी महायज्ञ मे शामिल होकर साधु, महात्माओं, देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### रिश्वत लेते फोटो वायरल, एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

**अनूपपुर।** जिले में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर रिश्वत लेते हुए कथित तौर पर वायरल हुई फोटो के मामले में अनूपपुर के एसडीएम कमलेश पुरी ने सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित पटवारी हंसराज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि वायरल फोटो में पटवारी हंसराज किसी व्यक्ति से पैसे लेते हुए नजर आ रहे थे। फोटो सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पटवारी बिना पैसे लिए नामांतरण, खसरा-नकल, सीमांकन जैसे राजस्व संबंधी कार्य नहीं करते थे। मामले ने तूल पकड़ने पर प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। एसडीएम कमलेश पुरी ने प्रारंभिक जांच के बाद प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर पटवारी को निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि राजस्व विभाग में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार संबंधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो संबंधित के खिलाफ कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

## चचाई के किसानों ने सरकार को लिखा दर्दभरा पत्र

# किसानों पर स्मार्ट मीटर’ का करंट, 5 हजार से सीधे 30 हजार का बिल

**अनूपपुर/चचाई।मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के चचाई क्षेत्र के किसानों ने बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि जहां पहले 4-5 हजार रुपये का बिल आता था, वहीं अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद 30 हजार रुपये तक का बिल थमाया जा रहा है। परेशान किसानों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल राहत की गुहार लगाई है।**

जिले के चचाई क्षेत्र में किसानों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ गई है। किसानों ने सीधे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। किसानों का आरोप है कि कृषि कार्य के लिए वर्षों से उपयोग में आ रहे विद्युत कनेक्शन को जबरन कमर्शियल श्रेणी में बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इससे पहले जहां हर महीने 4 से 5 हजार रुपये का बिल आता था, वहीं अब 25 से 30 हजार रुपये तक का भारी भरकम बिल दिया जा रहा है। पत्र में किसानों ने यह भी सवाल उठाया है कि क्या सरकार किसानों को राहत देने के नाम पर ऐसे फैसले ले रही है या फिर बिजली विभाग अपने मनमाने तरीके से किसानों पर आर्थिक बोझ डाल रहा है। किसानों का कहना है कि खेती पहले से ही घाटे का सौदा बन चुकी है, ऊपर से इस तरह के भारी बिजली बिल उन्हें पूरी तरह कर्ज में डुबो रहे हैं।



### कृषि कनेक्शन को बनाया कमर्शियल

किसानों ने आरोप लगाया है कि उनके कृषि कार्य के लिए लगे बिजली कनेक्शन को बिना सहमति के कमर्शियल श्रेणी में बदल दिया गया। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाकर बिजली बिल में भारी वृद्धि कर दी गई। यह कदम सीधे-सीधे किसानों की जेब पर डाका डालने जैसा बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह नीति उनके हित में नहीं बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करने वाली है।

### स्मार्ट मीटर या स्मार्ट लूट?

किसानों का कहना है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर जो व्यवस्था लागू की गई है, वह पारदर्शिता नहीं बल्कि परेशानी बढ़ा रही है।जहां पहले बिल समझ में आता था, अब मीटर की रीडिंग और बिल की गणना किसानों के लिए पहेली बन गई है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या स्मार्ट मीटर सुविधा है या फिर एक नई तरह की वसूली व्यवस्था?



### सरकार के वादों पर उठे सवाल

किसानों ने पत्र में उल्लेख किया है कि चुनाव के दौरान किसानों को बिजली बिल में राहत और छूट देने के वादे किए गए थे। अब उन्हीं किसानों को भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं, जिससे सरकार की नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर साफ दिखाई दे रहा है।

### कर्ज में डूबते किसान, जिम्मेदार कौन?

किसानों का कहना है कि खेती से आमदनी पहले ही सीमित है और ऐसे में हजारों रुपये का अतिरिक्त बिजली बिल उन्हें कर्ज में धकेल रहा है। यदि यही स्थिति रही तो किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं। यह सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक संकट का भी संकेत है।

### मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

किसानों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर बहाल किए जाएं और कृषि कनेक्शन को कमर्शियल श्रेणी में बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।साथ ही बिजली बिलों की जांच कर किसानों को राहत देने की अपील की गई है।अगर अन्नदाता ही बिलों के बोझ तले दब जाएगा, तो खेतों में हरियाली नहीं, सूखा उगेगा। अब फैसला सरकार को करना है कि किसानों को राहत दे या फिर स्मार्ट मीटर के नाम पर ‘स्मार्ट संकट’ को बढ़ने दे।

# बिजली कर्मियों की हुंकार, मांगें नहीं मानी तो प्रदेश में अंधकार तय






### चचाई से भोपाल तक आंदोलन का बिगुल

**अनूपपुर/चचाई।** मध्यप्रदेश में बिजली कर्मचारियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। अनूपपुर के चचाई स्थित ताप विद्युत गृह से उठी आवाज अब पूरे प्रदेश में गूंजने लगी है। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। चेतावनी साफ है कि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश अंधेरे में डूब सकता है। मध्यप्रदेश में विद्युत व्यवस्था को संभालने वाले कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर लिखित और मौखिक निवेदन करने के बावजूद जब समाधान नहीं हुआ, तो बिजली कर्मचारी महासंघ ने अब आंदोलन का रास्ता चुन लिया है। अनूपपुर जिले के चचाई स्थित ताप विद्युत गृह में नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। कर्मचारियों ने रैली निकालकर गगनभेदी नारे लगाए और ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन कार्यपालक निदेशक को सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से वेतन विसंगतियां, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण और पेंशन जैसी बुनियादी समस्याएं लगातार नजरअंदाज की जा रही हैं। यह सिर्फ एक विभाग का मामला नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की बिजली व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। अगर समय रहते इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा।

### 12 सूत्रीय मांगों पर अड़ा संगठन

बिजली कर्मचारी महासंघ ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रमुख मांगों में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, वेतन विसंगति का निराकरण, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए निगम मंडल की स्थापना, मीटर रीडरों का संविलियन और उच्च शिक्षित कर्मचारियों को कनिष्ठ अभियंता पद पर नियुक्ति शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि ये मांगें कोई नई नहीं हैं, बल्कि लंबे समय से लंबित हैं, जिन्हें अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### आउटसोर्स और संविदा कर्मियों का शोषण बड़ा मुद्दा

आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों ने सबसे ज्यादा नाराजगी अपने शोषण को लेकर जताई है। उनका आरोप है कि समान काम के बावजूद उन्हें न तो समान वेतन मिलता है और न ही सुविधाएं। उन्होंने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर निगम मंडल बनाकर इन कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा देने की मांग उठाई है। यह मुद्दा आंदोलन का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है।

### पेंशन और स्थानांतरण भी बना दर्द

विद्युत पेंशनरों ने भी अपनी समस्याएं उठाई हैं। उनकी मांग है कि राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से पेंशन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई, ताकि कर्मचारियों को अपने परिवार के साथ रहने का अवसर मिल सके।

### तीन चरणों में होगा बड़ा आंदोलन

संगठन ने आंदोलन की स्पष्ट रूपरेखा भी तय कर दी है। पहले चरण में 16 मार्च को जिला और पावर हाउस स्तर पर ज्ञापन, दूसरे चरण में 2 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर धरना और तीसरे चरण में भोपाल में बड़ा प्रदर्शन और रैली आयोजित की जाएगी। यह साफ संकेत है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

### चचाई से उठी चिंगारी, पूरे प्रदेश में असर तय

चचाई ताप विद्युत गृह में सैकड़ों कर्मचारियों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह आंदोलन अब स्थानीय नहीं रहा। सतेन्द्र कुमार पाटकर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। अगर सरकार ने समय रहते समाधान नहीं निकाला, तो यह चिंगारी पूरे प्रदेश में अंधकार का कारण बन सकती है। बिजली व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कर्मचारी जब सड़क पर उतर आएं, तो समझ लेना चाहिए कि सिस्टम में कहीं न कहीं बड़ी चूक है।अब गेंद सरकार के पाले में है कि या तो मांगें माने, या फिर अंधेरे के लिए तैयार रहे।

# नर्मदा परिक्रमा हेतु देशभर से उमड़े श्रद्धालु, अमरकंटक में दिखी आस्था की अलौकिक छटा



### चेन्नई, अहमदनगर सहित कई राज्यों से हजारों भक्त पहुंचे, रामघाट पर किया पूजन-अर्चन

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश की पावन धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में इन दिनों नर्मदा परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। चेन्नई (तमिलनाडु) एवं अहमदनगर (महाराष्ट्र) सहित देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों की संख्या में नर्मदा भक्त परिक्रमा यात्रा के लिए यहां पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पतित पावनी नर्मदा नदी के उद्गम स्थल पर स्थित रामघाट (उत्तर तट) में आस्था की डुबकी लगाई और विधि-विधान से पूजन-अर्चन, आरती एवं कथा का आयोजन किया। मंगलवार, 17 मार्च को महाराष्ट्र के अहमदनगर (अहिल्यानगर) से लगभग 500 से अधिक श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचे। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मां नर्मदा की पूजा कर परिक्रमा का संकल्प लिया। वहीं, सोमवार 16 मार्च को चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु सहित दक्षिण भारत से भी हजारों परिक्रमावासी यहां पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। चेन्नई से आए परिक्रमा दल के साथ चल रहे रमेश जी द्वारा कोटि तीर्थ कुंड में मंत्रोच्चारण के साथ तमिल व तेलुगु भाषा में पूजा-अर्चना कराई गई तथा मां नर्मदा के महात्म्य का वर्णन किया गया। पूजन के उपरांत श्रद्धालु जल परिवर्तन एवं तट परिवर्तन की परंपरा का निर्वहन करते हुए माई की बगिया की ओर प्रस्थान कर गए। श्रद्धालुओं ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा का जीवन में विशेष महत्व है। यह न केवल आध्यात्मिक साधना का मार्ग है, बल्कि मनोकामनाओं की पूर्ति का भी माध्यम है। महाराष्ट्र के नासिक, जलगांव, नागपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि मां नर्मदा की महिमा से प्रेरित होकर वे संकल्प लेकर इस पवित्र परिक्रमा यात्रा पर निकले हैं। अमरकंटक में इन दिनों नर्मदा भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जहां देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु एक ही आस्था में बंधे नजर आ रहे हैं।

## कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**अमरकंटक।** कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक में 17 मार्च को कक्षा नर्सरी से 9 वीं एवं 11 वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम गरिमामय वातावरण में घोषित किए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालय परिसर में हर्ष एवं गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10:00 बजे विद्यालय के हंसवाहिनी ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कमलेश मिश्रा के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल उनके परिश्रम का परिणाम नहीं, बल्कि अभिभावकों के निरंतर सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रतिफल है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के प्रति सतत सजग रहें एवं उनका मनोबल बढ़ाते रहें। विद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। कुल 572 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 565 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए, जो लगभग 98.77 प्रतिशत परिणाम को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी परम पूज्य स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज ने अपने संदेश में कहा कि अमरकंटक जैसे वनांचल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना ही इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं समर्पण का परिचायक है। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम देने का संकल्प दोहराया।



# जय प्रकाश अग्रवाल बने लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष



### लघु उद्योग भारती जिला इकाई अनूपपुर का हुआ गठन

**अनूपपुर।** देश के विकास मे लघु उद्योग व्यवसायियों का महत्वपूर्ण योगदान है। आप सभी के कंधों पर देश को आत्मनिर्भर बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व है। इसे पूरा करने के लिये यह जरुरी है कि लघु उद्योगों के संचालन मे आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए इन्हे मजबूत बनाया जाए। इस दिशा मे सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लघु उद्योग भारती संघ कार्य कर रहा है। अनूपपुर मे 17 मार्च मंगलवार को आयोजित लघु उद्योग भारती संघ की अनूपपुर इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी ने उपरोक्त विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व आयोजित एक मंचीय कार्यक्रम में प्रांतीय सदस्य मुरलीधर एवं प्रांत महामंत्री हरिसिंह भदौरिया ने लघु उद्योग भारती संघ पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसकी 21 वीं शाखा के रुप मे अनूपपुर इकाई के गठन की करतल ध्वनि के बीच घोषणा की। श्री भदौरिया ने जयप्रकाश अग्रवाल को लघु उद्योग भारती अनूपपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके साथ ही सचिव राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मयूर जगवानी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शिवदसानी, संजीव गोयल एवं अमीसंख जायसवाल, संयुक्त सचिव हिमांशु गुप्ता, सहसचिव पंकज अग्रवाल एवं उदित केसरवानी को नियुक्त किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उक्त अतिथियों के साथ मंचासीन मनोज द्विवेदी, चंद्रिका द्विवेदी, राजेश केडिया, विवेक बियाणी, ब्रजेश चतुर्वेदी, श्रीमती मुस्कान कुशवाहा, जितेन्द्र खंडेलवाल, संतोष गुप्ता, राकेश गौतम सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएँ देते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती की कामना की। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने जिले मे राईस मिल, स्टोन क्रेशर के संचालन मे आने वाली दिक्कतों को दूर करने मे संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन राकेश गुप्ता ने किया।

### 19 मार्च से प्रारम्भ होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले में जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 प्रारम्भ किया जाएगा। यह अभियान 19 मार्च गुड़ी पड़वा से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले की नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है। अभियान के तहत जिलेभर में नदियों के पुनर्जीवन, पुराने तालाबों की गाद निकालने और बावड़ियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। इस दौरान जल स्त्रोतों के आसपास और नदी तटों पर सघन पौधरोपण किया जाएगा, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। अभियान के तहत जिला, विकासखण्ड, स्थानीय निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा।

### एक दिवसीय सेक्टर स्तर क्षमतावर्धन प्रशिक्षण शिविर का किया गया



**कोतमा।**:मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरतान में प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय सेक्टर स्तर क्षमतावर्धन प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के लिए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया, यह कार्यक्रम 'भगता ग्राम विकास समिति भगता' द्वारा आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास में समितियों की भूमिका को सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों और अतिथियों ने प्रस्फुटन समितियों को ग्राम विकास, जनभागीदारी, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजेश वर्मा, जन अभियान परिषद कोतमा के विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष हीरेंद्र तिवारी, सचिव प्रियंका तिवारी, परामर्शदाता अजय शर्मा मार्गदर्शन विशेष रूप से उपस्थित रहे। एवं सेक्टर क्रमांक-09 निगवानी के सभी पांचों पृस्पुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य के उपस्थित में नवांकुर संस्था-ग्राम विकास समिति भगता आयोजक के रूप में सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शामिल सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे समाजहित और ग्राम विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वक्ताओं ने प्रेरित करते हुए कहा कि प्रस्फुटन समितियाँ शासन की योजनाओं और ग्रामीणों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी के साथ इस एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का विधिवत समापन हुआ।